# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Half Yearly Examination (2025 – 2026)**

**Class / Section: XI** **MM: 80**

**Subject: Hindi Core(Code 302)** **Time: 3:00 Hrs**

Name: ____________ Roll No.:__________

***(Fifteen Minutes Extra will be given for reading the Question Paper.)***

सामान्य निर्देशः

1 इस प्रश्न–पत्र में तीन खण्ड है–खण्ड'क' , खण्ड'ख' और खण्ड'ग'।

2 खण्ड'क' में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे जाएँगे। सभी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।

3- खण्ड'ख' में अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्य–पुस्तक के आधार पर प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए जाएँगे।

4 खण्ड'ग' में आरोह भाग–1 और वितान भाग–1 पाठ्य–पुस्तक के आधार पर प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए जाएँगे।

5 यथासंभव तीनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खण्ड 'क' (अपठित बोध)

**प्र01 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **(10)**

वृद्धावस्था की समस्या मशीनीकृत विश्व की उपज है, जो हमारे देश तक ही सीमित नहीं है। यह बहुत से विकसित देशों का भी सिरदर्द है। औद्योगीकरण एवं पश्चिमी सभ्यता के कारण, संयुक्त परिवार के टूटने के परिणामस्वरूप तथा हमारे सिद्धांतों में परिवर्तन के कारण वृद्ध व्यक्ति कई गंभीर समस्याओं से जूझते हैं एवं उनका जीवन वास्तव में कष्टकर हो जाता है। वृद्धावस्था में वृद्ध व्यक्ति अपने बच्चों से शारीरिक, नैतिक, वित्तीय एवं भावनात्मक सहारे की ज़रूरत महसूस करते हैं और बच्चे अपने भविष्य को सँवारने की समस्याओं एवं पारिवारिक जीवन की उलझन में अपने माता-पिता की जरूरतों तथा उनकी भावना को संतुष्ट करने में अयोग्य होते हैं।

वृद्ध व्यक्तियों को परिवार एवं समाज पर बोझ एवं थोपे गए सदस्य की भावना से ग्रसित होकर लोग उनकी उपेक्षा करते हैं। बच्चे, पौत्र पौत्रियाँ और घरेलू नौकर तक उनकी ओर ध्यान नहीं देते एवं हर बात पर उनका तिरस्कार करते हैं। वृद्ध व्यक्तियों के प्रति उनका रवैया अवमाननापूर्ण एवं अपमानजनक होता है। इससे वृद्ध व्यक्ति निराशा के अथाह सागर में डूब जाते हैं तथा शारीरिक एवं मानसिक तनाव में रहते हैं।

वृद्ध व्यक्ति भी विचित्र स्वभाव द्वारा अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं तथा युवा लोगों से लंबे तर्क करके स्वयं को मूर्ख बनाते हैं, क्योंकि उनके तर्क कोई सुनना नहीं चाहता। वे सही हो सकते हैं, किंतु

उनकी उम्र सही नहीं होती। उनके अच्छे कार्य भी पसंद नहीं किए जाते। यहाँ तक कि जब वे युवाओं पर अपने प्यार की वर्षा करते हैं, तो उन्हें ऊँची आवाज में बोलकर अपमानित किया जाता है।

वृद्धावस्था की समस्याओं के समाधान काफी आसान एवं हमारी पहुँच के अंदर हैं। यह समस्या आधुनिक समय की उपज है, इसका समाधान वृद्धों के लिए अलग आवास बनाना नहीं है, बल्कि उनका ध्यान रखना, प्यार एवं स्नेह देना है। अपनी प्रवृत्ति में सकारात्मक परिवर्तन ही एकमात्र समाधान है। तभी हम इस समस्या को समाप्त करने में सक्षम होंगे।

बहुविकल्पीय प्रश्न

(क) वृद्धावस्था की समस्या किस जीवन-शैली की देन है? (1)

(i) पौराणिक (ii) रूढ़िवादी

(iii) मशीनीकृत (iv) सामाजिक

(ख) अपना भविष्य सुधारने की समस्याओं एवं पारिवारिक जीवन में उलझे रहने का क्या परिणाम होता है? (1)

(i) माता-पिता की जरूरत पर ध्यान न दे पाना

(ii) अपने जीवन के स्वर्णिम क्षणों को नष्ट कर देना

(iii) जीवन के वास्तविक आनंद से परिचित न होना

(iv) निराशा एवं हताश जीवन-शैली

(ग) कथन (A) वृद्ध व्यक्ति निराश के अथाह सागर में डूब जाते हैं। (1)

कारण (R) वृद्धि व्यक्तियों से अवमाननापूर्ण एवं अपमानजनक व्यवहार किया जाता है।

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(iv) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

(घ) वृद्ध व्यक्तियों के प्रति किनका रवैया अपमानजनक होता है? (1)

लघुत्तरात्मक प्रश्न

(ङ) वृद्ध व्यक्ति युवा लोगों से लंबे तर्क करके स्वयं को मूर्ख बनाते हैं, क्यों? (2)

(च) वृद्धावस्था की समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है? (2)

(छ) वृद्ध व्यक्ति किस कारण अनेक गंभीर समस्याओं से जूझते हैं? (2)

**प्र02 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए —** (8)

ऊँचे पहाड़ पर, पेड़ नहीं लगते,

पौधे नहीं उगते, न घास ही जमती है।

जमती है सिर्फ़ बर्फ, जो कफ़न की तरह सफ़ेद

और मौत की तरह ठंडी होती है

खेलती, खिलखिलाती नदी,

जिसका रूप धारण कर,

अपने भाग्य पर बूंद-बूंद रोती है।

ऐसी ऊँचाई, जिसका परस, पानी को पत्थर कर दे,

ऐसी ऊँचाई, जिसका दरस हीन भाव भर दे,

अभिनंदन की अधिकारी है,

आरोहियों के लिए आमंत्रण है,

उस पर झंडे गाड़े जा सकते हैं,

किंतु कोई गौरैया,

वहाँ नीड़ नहीं बना सकती,

आरोहियों के लिए आमंत्रण है,

उस पर झंडे गाड़े जा सकते हैं,

किंतु कोई गौरैया,

वहाँ नीड़ नहीं बना सकती,

न कोई थका- माँदा बटोही,

उसकी छाँव में पल भर पलक ही झपका सकता है।

सच्चाई यह है कि

केवल ऊँचाई ही काफ़ी नहीं होती

सबसे अलग थलग, परिवेश से पृथक,

अपनों से कटा - बँटा,

शून्य में अकेला खड़ा होना,

पहाड़ की महानता नहीं, मजबूरी है।

ऊँचाई और गहराई में

आकाश - पाताल की दूरी है।

जो जितना ऊँचा, उतना एकाकी होता है,

हर भार को स्वयं ढोता है,

चेहरे पर मुस्कानें चिपका, मन ही मन रोता है।

(स्रोत:- कविता-ऊँचाई, कवि-अटल बिहारी वाजपेयी)

(क) कविता में पहाड़ शब्द किसकी ओर संकेत कर रहा है? (1)

i. विद्‌वान ii. बड़े लोग

iii. नायक iv. धनी

(ख) कवि के अनुसार पहाड़ की मजबूरी का निहितार्थ क्या है? (1)

i. अत्यधिक ऊँचा होने से अकेले रह जाना

ii. बड़े लोग अपने गुणों के कारण अकेले रह जाते हैं

iii ऊँचाई निचाई के अंतर के कारण

iv. अपनी पहचान बनाए रखने के लिए

(ग) निम्नलिखित में से कविता का मर्म क्या हो सकता है? (1)

1. पहाड़ की महानता स्थापित करना

ii. पर्वतों के सौंदर्य को उकेरना

iii मानव के एकाकी होने के कारण का विश्लेषण

iv. मनुष्य के प्रकृति प्रेम की भावाभिव्यक्ति

भावाभिव्यक्ति

(घ) कवि के अनुसार आरोहियों के लिए क्या आमंत्रण है? (1)

(ङ)पहाड़ अभिनंदन का अधिकारी क्यों है? (2)

(च)कवि के अनुसार 'जिसका दरस हीन भाव भर दे' से क्या तात्पर्य है? (2)

## खण्ड 'ख' (अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक के आधार पर )

**प्र03 निम्नलिखित में से किसी एक अप्रत्याशित विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए–(6)**

क) पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र

ख) ऑनलाइन शॉपिंग : समय की माँग

ग) विद्यालय से लौटते समय जाम में फँस जाना

**प्र04** आपके मोहल्ले में आवारा पशुओं की संख्या अत्यधिक बढ़ गई है। इस समस्या पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

आापकी सोसाइटी का चौकीदार आपको ड्यूटी के दौरान सोता हुआ मिला। उसकी शिकायत करते हुए सोसाइटी के सचिव को पत्र लिखिए।

**प्र05 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए– (2X4=8)**

क) अंतःवैयक्तिक संचार किसे कहते हैं ?

ख) डायरी का उपयोग क्या है ?

ग) पटकथा से क्या तात्पर्य है ? लिखिए।

घ) शोर क्या है ?

ङ नाटक और फिल्म की पटकथा में क्या अंतर होता है ? लिखिए।

**प्र06 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए– (3)**

क) अपने विद्यालय के सचिव की ओर से 'विश्व जल दिवस' पर प्रदर्शनी के लिए कार्यकारिणी समिति की बैठक हेतु कार्यसूची तैयार कीजिए।

ख) कक्षा में अध्यापक की अनुपस्थिति होने पर कक्षा का वातावरण कैसा था ? इस अनुभव पर डायरी लेख लिखिए।

## खण्ड 'ग' (पाठ्य–पुस्तक आरोह भाग–1 वितान भाग–1 के आधार पर)

**प्र07 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए – (1X5=5)**

पाँव जो पीछे हटाता,
कोख को मेरी लजाता,
इस तरह होओ न कच्चे,
रो पड़ेंगे और बच्चे,
कहाँ, मैं रोता कहाँ हूँ,
पिताजी ने कहा होगा,
हाय, कितना सहा होगा,
धीर मैं खोता, कहाँ हूँ,

**(i)** कवि की माँ किसे समझा रही होंगी?

(क) कवि के भाई को

(ख) कवि की पत्नी को

(ग) कवि के पिता को

(घ) कवि की बहन को

**(ii)** कवि की माँ के अनुसार, कवि के पाँव पीछे हटाने से क्या होगा?

(क) माँ की कोख लज्जित होगी

(ख) मेरा हृदय भर आएगा

(ग) मेरा मन दुःखी होगा

(घ) मैं सहन नहीं कर पाऊँगी

**(iii)** कवि कौन-से रास्ते पर चल रहा है?

(क) गलत रास्ते पर

(ख) प्रेम के रास्ते पर

(ग) अपने घर के रास्ते पर

(घ) कर्तव्य पथ तथा संघर्ष के रास्ते पर

**(iv)** कथन **(A)** माँ ने पिता से कहा कि तुम धैर्य बनाए रखो।

कारण (R) पिताजी का मनोबल टूटने से अन्य बच्चों का साहस भी टूट सकता था।

कूट

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(घ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

**(v)** 'कोख को लजाना' का क्या अर्थ होगा?

(क) अपमान कमाना (ख) क्रोध दिलाना

(ग) खुश होना (घ) उदास होना

**प्र08 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए–** (3X2=6)

**क)** आपके विचार में चंपा ने ऐसा क्यों कहा होगा कि मैं तो नहीं पढ़ूँगी ? 'चंपा काले काले अच्छर नहीं चीन्हती' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

ख) कबीर जी ने 'ईश्वर एक ही है' कथन के पक्ष में कौन–कौन से उदाहरण दिए हैं ?

ग) 'भगत देखि राजी हुयी, जगत देखि रोयी' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

**प्र09 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए–** (2X2=4)

**क)** मीरा जगत को देखकर रोती क्यों हैं ?

ख) मायके आई बहन के लिए कवि ने घर को परिताप का घर क्यों कहा है ?

ग) यदि चंपा पढ़ी लिखी होती तो कवि त्रिलोचन से कैसे बातें करती ?

**प्र010 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए –** (1X5=5)

मियाँ नसीरुद्दीन ने पंचहज़ारी अंदाज़ से सिर हिलाया-'निकाल लेंगे वक्त थोड़ा पर यह तो कहिए, आपको पूछना क्या है?'

फिर घूरकर देखा और जोड़ा-'मियाँ, कहीं अख़बारनवीस तो नहीं हो? यह तो खोजियों की खुराफात है। हम तो अख़बार बनाने वाले और अख़बार पढ़ने वाले-दोनों को ही निठल्ला समझते हैं। हाँ, कामकाज़ी आदमी को इससे क्या काम है। खैर, आपने यहाँ तक आने की तकलीफ़ उठाई ही है, तो पूछिए-क्या पूछना चाहते हैं।'

**(i)** मियाँ नसीरुद्दीन का 'पंचहजारी अंदाज' क्या है?

(क) प्रधान जैसा अंदाज (ख) राजाओं का अंदाज

(ग) सेनापतियों-सा अंदाज (घ) मंत्री का सा अंदाज

**(ii)** मियाँ नसीरुद्दीन ने लेखिका को क्या समझा था ?

(क) अखबारनवीस (ख) अभिनेत्री

(ग) कवयित्री (घ) लेखिका

**(iii)** कथन (A) नसीरुद्दीन अखबार पढ़ने और छापने वाले दोनों को ही बेकार मानते हैं।

कारण (R) मियाँ नसीरुद्दीन के अनुसार बेमतलब के लिखना और छापना उनकी नजर में निहायत निकम्मापन है।

कूट

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(घ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

**(iv)** मियाँ नसीरुद्दीन ने अखबार के बारे में क्या कहा ?

(क) खोजियों की खुराफात (ख) अहंकारी लोगों का सरदर्द

(ग) निठल्लों का व्यापार (घ) आय का साधन

**(v)** मियाँ नसीरुद्दीन की नजर में ----------------अखबार पढ़ने से कहीं अच्छा काम है। **रिक्त स्थान की**

पूर्ति कीजिए।

(क) अखबार देखना (ग) काम करना

(ख) खोजबीन करना (घ) बातचीत करना

**प्र011 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(3X2=6)**

**क)** वंशीधर के पिता ने उसे कौन–कौन सी नसीहतें दी थी ? 'नमक का दारोगा' पाठ के आधार पर लिखिए।

ख) 'पथेर पांचाली' फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला ?

ग) 'विदाई संभाषण' पाठ में लेखक बलमुकुंद गुप्त ने शिवशंभु की दो गायों की कहानी के माध्यम से क्या कहना चाहते हैं ?

**प्र012 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(2X2=4)**

**क)** धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वंद्वी क्यों नहीं समझता था ? 'गालता लोहा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**ख)** पुराने मकान में शूटिंग करने के कारण सत्यजीत राय को किन समस्याओं का सामना करना पड़ा ?

**ग)** पंडित अलोपीदीन द्वारा रिश्वत के लिए चालीस हजार रुपये का प्रस्ताव दिए जाने पर वंशीधर ने क्या किया ?

**पूरक पाठ्यपुस्तक वितान भाग 2**

**प्र013 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 100 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(5X2=10)**

क) चित्रपट संगीत की लोकप्रियता का क्या कारण है ? 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ : लता मंगेशकर पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

ख) 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ में पानी के कितने रूप बताए गए हैं ? प्रत्येक रूप के विषय में समझाकर लिखिए।

ग) 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ में किस समस्या की ओर संकेत किया गया है ? यह पाठ आपको क्या संदेश देता है ?

-----000-----